सुराना महाविद्यालय में एडवांस कोचेस ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन

खिलाड़ियों को दिए जा रहे व्हालीबाल के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

स्पेशल ओलम्पिक भारत छत्तीसगढ़ द्वारा सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एडवांस कोचेस ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन 7 से 11 नवंबर तक किया जा रहा है। ट्रेनिंग कैम्प के माध्यम से मानसिक विकलांग खिलाड़ी के लिए कोचेस तैयार किए जा रहे हैं।

इसमें दिल्ली, राजस्थान, एमपी, पंजाब, बिहार, ओडिसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, गुजरात के 55 कोचेस भाग ले रहे हैं जो व्हालीबाल खेल के प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को व्हालीबाल खेल के सभी कौशल की बारीकियों को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान मानसिक दिव्यांग बच्चों को व्हालीबाल खेल प्रशिक्षण किस तरह दिया जाए जिससे उसके खेल का विकास हो सके, इन पहलूओं को ध्यान में रखकर दिया जा रहा है। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. सीडी आगासे विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग रविशंकर विश्वविद्यालय ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम आजाद ने दिव्यांग बच्चों की लकड़ी की बैसाखी में उनकी तकलीफ देखकर एक अलग प्रकार की बैसाखी तैयार की। हमें भी इन बच्चों के बारे में सोचना चाहिए। प्राचार्य डॉ. डीएन सूर्यवंशी ने दिव्यांग बच्चों के लिये अष्टावक्र का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें ऐसे ही आगे बढ़ना है। वर्तमान परिवेश में दिव्यांग बच्चों के मनोबल को खेल के माध्यम से बढ़ाकर उनकी उर्जा का राष्ट्र व समाज के विकास में बेहतर सहयोग लिया जा सकता है।

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने कोचेस को इस अभूतपूर्व कार्य के लिए सहयोग देने प्रेरित किया। जिला शिक्षण समिति के सचिव दिलीप इंगले ने कहा कि हमारी संस्था दिव्यांग बच्चों के खेल के लिए हमेशा तैयार है। व्हालीबाल खेल के बारे में परिवेश ठाकुर द्वारा जानकारी दी जा रही है। प्रथम सत्र में डॉ. प्रमोद तिवारी द्वारा स्पेशल ओलम्पिक भारत के कार्य के बारे में बताया कि खिलाड़ियों को खेल में कैसे सहभागिता दी जा सकती है। उन्हें खेल के लिए प्रेरित करने एवं खेल में रूचि पैदा करने के प्रति काम करने वाले प्रेरक से अवगत कराया गया। आयोजन में स्पेशन ओलम्पिक प्रोग्राम मैनेजर दिनेश चौहान, स्टेट स्पोर्ट्स डायरेक्टर एनके तिवारी, परिवेश ठाकुर, रवि जैन, राघवेन्द्र प्रताप, पूनम मिश्रा, दिलीप इंगले, डॉ. अजय लांजेवार, नीलेश तिवारी, अर्चना षडंगी द्वारा कोच को 7 से 11 नवंबर तक विभिन्न बारीकियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।